पानी पीने वाली तुम्बी का पीछा करो!

अंडरग्राउंड-रेल की कहानी

पानी पीने वाली

तुम्बी का पीछा करो!

अंडरग्राउंड-रेल की कहानी

पानी पीने वाली तुम्बी का पीछा करो.
पानी पीने वाली तुम्बी का पीछा करो.
बूढ़ा आदमी तुम्हें स्वतंत्र कराने के लिए इंतजार कर रहा है
पानी पीने वाली तुम्बी का पीछा करो.

जब सूरज उगने पर पहली बटेर की आवाज़ सुनाई दे.
पानी पीने वाली तुम्बी का पीछा करो.
बूढ़ा आदमी आपकी प्रतीक्षा कर रहा है
आपको स्वतंत्रता के पथ पर ले जाने के लिए
पानी पीने वाली तुम्बी का पीछा करो.
नदी के किनारे की बहुत अच्छी सड़क मिलेगी
सूखे हुए पेड़ों के ठूंठ आपको रास्ता दिखायेंगे
बाएं पैर, खूंटी पैदल यात्रा.
पानी पीने वाली तुम्बी का पीछा करो.
नदी दो पहाड़ियों के बीच समाप्त होगी
पानी पीने वाली तुम्बी का पीछा करो.
दूसरी तरफ एक और नदी होगी
पानी पीने वाली तुम्बी का पीछा करो.
जब बड़ी नदी, छोटी नदी से मिले
पानी पीने वाली तुम्बी का पीछा करो.

अध्याय एक

चर्च में मछली पकड़ना

टॉमी फुलर ने अपना दायां हाथ
अपनी जेब में डाला.
जेब में सेब था.
फिर उसने अपना बायाँ हाथ,
दूसरी जेब में डाला.
मछली पकड़ने की डोर उस जेब में थी.
"चुप रहो!" उसका भाई सैम फुसफुसाया.

"सीधे बैठो!" उसका भाई एंडी फुसफुसाया.

दोपहर का समय था.

तीनों लड़के चर्च में थे.

वे दिन भर वहाँ रहे.

माँ और पिताजी, दादी डडले और अन्य बड़े लोग नीचे बैठे थे.

सभी बच्चे गैलरी में ऊपर बैठे थे.
लड़कियां एक तरफ थीं.
लड़के दूसरी तरफ थे.

दूसरी तरफ से टॉमी ने अपनी बहनों –
हेलेन, केट और राहेल को देखा.
टॉमी ने अपने सेब का एक बड़ा टुकड़ा खाया.
फिर उसने तीन और टुकड़े खाए.

खिड़की से बाहर नीचे हरी-भरी घास में
उसे एक बत्तखों का झुंड दिखा.

पादरी रेवरेंड मोर्स ने कहा, "आज हम गीत
नंबर दो तीन इक्यासी गाएंगे."

हर एक उठ खड़ा हुआ. उन्होंने "हे भगवान,
आपने अतीत में हमारी मदद की है,
आने वाले वर्षों में भी हमें आपसे वही आशा है ..."
टॉमी ने मछली पकड़ने वाली डोर को छुआ. उसने सेब
के मध्य भाग के बीच, डोरी का एक सिरा बांध दिया.
"यह ठीक नहीं है!" एंडी ने कहा.
टॉमी ने चर्च की खिड़की खोली और सेब के मध्य भाग
को बाहर फेंका.

तीन बत्तखें सेब के टुकड़े को देखने के लिए आईं.
एक बत्तख ने सेब के टुकड़े पर मुंह मारा.
"आओ, बत्तखों!" टॉमी ने कहा.
दूसरी बत्तख ने अपनी चौड़ी चोंच में
सेब को टुकड़े को ज़ोर से मारा.

टॉमी ने मछली पकड़ने वाली डोर पर हाथ फेरा.
बत्तख हवा में उडी.
"वो अब पकड़ के आई!" टॉमी ने धीरे से कहा.
बत्तख फड़फड़ाई और फड़फड़ाई .
वो अब उसे छोड़ेगी नहीं.
अन्य सभी बत्तखें भी चिल्लाईं और उन्होंने पंख फड़फड़ाए.
उन्होंने बहुत शोर किया जिससे चर्च में विघ्न पड़ा.
सभी ने गाना बंद कर दिया.
रेवरेंड मोर्स ने गैलरी की तरफ देखा.
"डेकोन फुलर!" रेवरेंड मोर्स ने कहा.
"मुझे डर है कि थॉमस फिर से शरारत कर रहा है."
पिता, तेज़ी से गैलरी में गए.
'थॉमस डडली फुलर.'
"उस डोर को ढीला करो!"
टॉमी ने डोर गिरा दी.
फिर बत्तख जमीन पर गिर गई.

पिताजी ने टॉमी को चर्च से बाहर निकाल दिया.

"तुम सीधे घर जाओ," पिता ने डांटते हुए कहा,

"सीधे अपने कमरे में जाओ."

फिर वो चर्च में वापस आये और उन्होंने

दरवाज़े को कसकर बंद किया.

अध्याय दो

भगोड़े

टॉमी घर की ओर चला.

वो लगातार पिटाई के बारे में सोचता रहा.

जब वह घर पहुंचा तो अंधेरा हो चुका था.

टॉमी को आसमान में शाम का सितारा दिख रहा था.

वह घोड़ों से "हेलो" कहने के लिए खलिहान में गया.

पिताजी ने उनके नाम डैन-वेबर

और हेनरी-क्ले रखे थे.

टॉमी ने उन्हें एक-एक सेब दिया.

"आप लोगों को चर्च जाना जरूरी नहीं है,

क्यों?" टॉमी ने पूछा.

घोड़ों ने अपने पैर पटके और सूंघा. टॉमी ने

घोड़ागाड़ी (वैगन) को पुआल से लदे हुए देखा.

वो वैगन पर चढ़कर नीचे पुआल के ढेर पर

कूदना चाहता था.

इसलिए वो पुआल की मचान के ऊपर चढ़ गया.
"हेलो. डैन-वेबर! हाय! हेनरी क्ले! देखो, मुझे!"
वो ज़ोर से चिल्लाया.
फिर वो नीचे पड़े पुआल के ढेर पर कूद गया.
दो मुर्गे उसे देखकर चिल्लाये.
फिर मचान में से किसी की आवाज़ आई, "ए-ए-अहा!" वो किसी बच्चे के रोने जैसी आवाज़ थी.
"वहाँ कौन है?" टॉमी ने पूछा.

डैन-वेबर ने अपने खुर को ज़मीन पर पटका.
टॉमी वापस मचान में चढ़ गया यह देखने के लिए कि वो शोर किसने किया था.
"कौन है?" टॉमी ने ज़ोर से पूछा.
"वहीं रुक जाओ!" एक गहरी आवाज ने कहा.
"तुम हमें ज़िंदा नहीं पकड़ पाओगे!"
एक काले आदमी ने खड़े होकर कहा.
वो पुआल से ढका हुआ.
उसके हाथ में एक कुल्हाड़ी थी.

आदमी ने अपने पास रखी कुल्हाड़ी गिरा दी.
"हम यहाँ सिर्फ छुपने के लिए आये हैं," उसने मुस्कुराते हुए कहा.
"हम आपको चोट नहीं पहुँचाएंगे."
"क्या पिताजी जानते हैं कि आप लोग यहाँ हैं?" टॉमी ने कहा.
"क्या? आप हमारे खलिहान में क्या कर रहे हैं?"

टॉमी इतना भयभीत हुआ कि वो पुआल के ढेर में वापस गिर गया.
"ओह, विन्नी," आदमी ने कहा.
"वो सिर्फ एक छोटा लड़का है."

"क्या डीकन फुलियर तुम्हारे पिता हैं?"
टॉमी ने सिर हिलाया.
"उन्होंने ही हमें यहां छिपाया है," आदमी ने कहा.
उसके बगल में एक छोटा लड़का खड़ा था.
"वह मेरा लड़का - लिटिल जेफ़ है," आदमी ने
कहा था. “मैं बिग जेफ़ हूं."

"यह मेरी पत्नी विन्नी है. और यह बेबी पर्ल है.
हम भाग रहे हैं! "
"भाग रहे हैं? "टॉमी ने पूछा?"
"हम कनाडा जा रहे हैं," विन्नी ने कहा.
"हम लोग कैरोलिना से आ रहे हैं." जेफ ने कहा.

"हम पूरे रास्ते में पानी पीने वाली
तुम्बी का पीछा करते हुए आए हैं."
"पानी पीने वाली तुम्बी?" टॉमी ने पूछा.
"वो क्या बला है?"
"बाप रे!" लिटिल जेफ ने कहा.
"मतलब तुमने कभी पानी पीने वाली तुम्बी
के बारे में नहीं सुना? चलो, मैं तुम्हें दिखाऊंगा."
लिटिल जेफ मचान से नीचे कूदा
और खलिहान के दरवाजे की तरफ भागा.
ऊपर काले आसमान में तारों के झुरमुटे चमक रहे थे.
लिटिल जेफ ने सप्तऋषि मंडल (बिग डिपर)
की ओर इशारा किया.
"यह है वो पानी पीने वाली तुम्बी!"
"नहीं, वो तो सप्तऋषि मंडल (बिग डिपर) है,"
टॉमी ने कहा.
"वही चीज!" लिटिल जेफ ने कहा.
"पानी पीने वाली तुम्बी के सामने का छोर
सीधे ध्रुव तारे (पोल स्टार) की ओर इशारा करता है.
ध्रुव तारे की सीध में यात्रा करके हम कनाडा पहुँच जायेंगे.
कनाडा पहुंचकर हम गुलामी से मुक्त होंगे!"

"थॉमस डडली फुलर!" पिता ने पीछे से कहा.
"मैंने तुमसे अपने कमरे में प्रतीक्षा करने के लिए कहा था?"
"पिताजी!" टॉमी ने आश्चर्यचकित होकर कहा,
"मैंने जेफ़ और विन्नी को खोजा और ....-"

"मुझे पता है कि तुमने किसे पाया.
तुमने मेरे सभी यात्रियों को ढूंढ लिया,"
पिता ने कहा.
"अब कोई सवाल मत पूछो.
घोड़ों को वैगन से बाँधने में मदद करो.
हमें अभी अपनी आगे की यात्रा शुरुआत करनी है. "

अध्याय तीन

अंडरग्राउंड रेलरोड

टॉमी और फादर वैगन में बैठ गए.
जेफ, विन्नी,लिटिल जेफ और बेबी
पर्ल पुआल में छिपे रहे.
वे नदी की ओर गए.
"मैं जीवन भर गुलाम रहा हूं, टॉमी."
जेफ ने कहा, "दो सप्ताह पहले तक
मैं गुलाम था."

"वह दिन था जब मैंने तय किया कि
हम अंडरग्राउंड-रेलरोड से कनाडा भाग
जाएंगे."
"अंडरग्राउंड-रेलरोड?" टॉमी ने पूछा.
"तुम्हें उसके बारे में भी पता नहीं!"
लिटिल जेफ ने कहा.
"तुमने उसके बारे में कभी नहीं सुना?"

"देखो टॉमी," पिता ने कहा.
"अंडरग्राउंड-रेलरोड, भाप इंजन और पटरियों और डिब्बों वाली एक असली ट्रेन नहीं है.
यह उन लोगों का एक गुप्त समूह है जो गुलामी को गलत मानते है.
वे लोग हमारे जैसे घरों और खेतों में आकर कुछ समय के लिए छिपकर रहते हैं. उनका जाल यहाँ से कनाडा तक फैला हुआ है."

"समूह में हर कोई सदस्य जेफ और विन्नी जैसे लोगों को छिपने की जगह देते है. उनकी भागने में मदद करते हैं. "
"और अंडरग्राउंड-रेलरोड पर कई स्टेशन भी बने हैं," लिटिल जेफ ने कहा.
"हमारे खलिहान की तरह!" टॉमी ने कहा.

"और अंडरग्राउंड-रेलरोड में कंडक्टर भी हैं," जेफ ने कहा.
"मेरे जैसे!" पिता ने कहा.
"और उन्हें असली यात्री मिलते हैं!" विन्नी ने कहा.
"हमारी तरह!" लिटिल जेफ ने कहा.
"वे इसे भूमिगत यानि अंडरग्राउंड बुलाते हैं," पिता ने कहा, "क्योंकि वो इसे एक रहस्य रखना चाहते है!"
"सफलता के लिए उसका हर हिस्सा एक रहस्य होना चाहिए!"
"तुमने सही कहा," जेफ ने कहा. "हम गुलाम मूल्यवान संपत्ति हैं. हमारे भागने से हमारे पुराने मालिक ने 25,000 डॉलर खो दिए."
"मुझे पक्का यकीन है कि वो हमें पकड़ने के लिए अपने कुछ आदमियों को ज़रूर भेजेगा."
"अब आप लोग पुआल के नीचे वापस छिप जाओ."
"जब तक मेरी कुल्हाड़ी मेरे पास है,
तब तक कोई भी मुझे नहीं पकड़ पायेगा," जेफ ने कहा.
उसके बाद जेफ, विन्नी, लिटिल जेफ और बेबी पर्ल सभी पुआल के नीचे छिप गए.

पिता ने कहा, "यह हमारी यात्रा का अंत है.
मुझे अब एक नाव ढूंढनी है.
वो नाव यहीं नदी तट पर कहीं छिपी
होगी."
पिता अंधेरे में चले गए.
फिर किसी जानवर की आवाज़ आई.

"टॉमी," पिता ने कहा, " आज रात जो कुछ
हुआ उसके बारे में किसी से एक शब्द भी
मत कहना.
जेफ एक बहादुर आदमी है. मैं नहीं चाहता
कि एक बहादुर आदमी दुबारा गुलाम बने.
वादा करो?"
"मैं वादा करता हूँ." टॉमी ने कहा.

अध्याय चार

खोजी दल

टॉमी ने सड़क पर खुरों की आवाज सुनी.

उसने लालटेनों को उछलते हुए देखा.

घोड़ों पर चार आदमी सवार थे.

उन्होंने वैगन को रोका.

वो लोग अपने घोड़ों से नीचे उतरे.

"देखो, युवा साथी," उनके लीडर ने कहा.

"मैं एक अमरीकी मार्शल हूं. और ये मेरे आदमी हैं."

"हम एक वैगन की खोज कर रहे हैं.

हम भगोड़े गुलामों की तलाश में हैं. "

"भगोड़े? "टॉमी ने कहा.

"एक नीग्रो गुलाम," मार्शल ने कहा,

"उसकी पत्नी और दो बच्चे."

"उन्हें पकड़ने के लिए इनाम है.
कहीं आपने उन्हें अपनी वैगन में तो नहीं
छिपाया है, क्या आप, क्यों?"
टॉमी का मुँह सूख गया.

उन्होंने कहा, "आपको इस वैगन में पुआल
के सिवा और कुछ भी नहीं मिलेगा."
"देखो, हम तलाशी तो ज़रूर लेंगे."
मार्शल ने कहा.

टॉमी डर गया था.

उन्होंने लिटिल जेफ और उसके परिवार

के बारे में सोचा जो पुआल में छिपे थे.

अगर मार्शल उन्हें ढूढ़ लेता,

तो वो उन्हें तुरंत दक्षिण वापस भेज देता!

फिर वे गुलाम बने रहते!

वे कभी भी मुक्त नहीं होते!

सभी आदमी हंस पड़े.

"पिता मुझ पर बहुत नाराज़ हुए," टॉमी ने कहा.

"वो मेरी जमकर पिटाई लगाने वाले थे. इसलिए मैं घर से भाग रहा हूँ."

"हम गलत वैगन का पीछा कर रहे हैं," मार्शल ने कहा.

"मार्शल," टॉमी ने कहा, "मुझे लगता है कि मैं आपको इसके बारे में सही-सही बता दूं. मैं टॉमी फुलर हूं, और मैं अपने घर से खुद भाग रहा हूं."

"क्या तुम, डीकन फुलर के लड़के हो?" मार्शल पूछा.

"ये बिलकुल सही है," टॉमी ने कहा.

"हम से गलती हुई!" मार्शल कहा. "यह वही लड़का है जिसने आज दोपहर को चर्च में खूब उपद्रव मचाया - बत्तख को पकड़कर! "

"अच्छा होगा तुम अपने पिताजी के पास घर जाओ और पिटाई को झेलो."
"जी श्रीमान," टॉमी ने कहा.
"और अगली बार जब तुम मछली पकड़ने जाओ," मार्शल ने कहा, "तो अपने पिता को बताकर जाना."

"अगली बार शिकार करके तुम मुझे दो बत्तखें और एक मोटी टर्की देना. यह एक आदेश है."
फिर सभी लोग हँसे. वे वहां से चले गए.

अध्याय पाँच

नदी के ऊपर

कुछ समय बाद पिताजी अँधेरे से बाहर आए. जेफ और विन्नी पुआल पर बैठ गए. जेफ की कुल्हाड़ी अभी भी उसके हाथ में थी. "टॉमी, तुमने एकदम ठीक किया," पिता ने कहा.

"मुझे लगा कि मार्शल हमें इस बार ज़रूर गिरफ्तार करेंगे," जेफ ने कहा.

टॉमी बोलने से बहुत डर रहा था.

छोटा जेफ नाव में कूद गया. जेफ भी कूद गया. उन्होंने विन्नी और बेबी पर्ल की उतरने में मदद की.

तभी एक चिड़िया की आवाज़ आई.

"वैगन को अकेले वापस ले जाओ, टॉमी," पिताजी ने कहा. हमें अगले स्टेशन तक नाव से जाना है."

पिता खड़े होकर नाव को खेने लगे. टॉमी को पानी में चप्पुओं के छपाकों की आवाज़ सुनाई दी.

"गुड-बाय, लिटिल जेफ," टॉमी फुसफुसाया.

"अलविदा," छोटा जेफ फुसफुसाया.
"गुड-बाय," जेफ और विन्नी फुसफुसाए.

पिता अंधेरे में नाव खेते गए और
फिर नाव आँखों से ओझल हो गई.

अध्याय छह

कानून तोड़ने वाले

टॉमी को घर पहुंचे में काफी देर हो गई.
माँ को छोड़कर बाकी सब सो रहे थे.
माँ ने टॉमी को कुछ खाने को दिया.
"क्या पिताजी ठीक हैं?" माँ ने पूछा.
टॉमी ने माँ को पूरी कहानी सुनाई.
फिर टॉमी बिस्तर पर सोने चला गया.

पर टॉमी जागता रहा, वो पिता के घर
आने का इंतजार करता रहा.
उसने सामने वाले दरवाजे को बंद होते
सुना. फिर पिताजी अपने कमरे में गए.

"टॉमी," पिता ने कहा, "वैसे मैं कानून का पालन करने में विश्वास करता हूँ. लेकिन आज रात तुमने और मैंने कानून को तोड़ा है. कानून के अनुसार हमें जेफ और विन्नी की भागने में मदद करके गलती की है.”

"मुझे पता है, पिताजी," टॉमी ने कहा. "लेकिन हम कानून बदल क्यों नहीं सकते?"

"मैं कोशिश कर रहा हूँ," पिता ने कहा. "हम वर्षों से इसकी कोशिश कर रहे हैं और शायद एक दिन यह क़ानून ज़रूर बदलेगा."

"लेकिन अभी कानून के अनुसार जेफ और विन्नी किसी अन्य व्यक्ति की संपत्ति हैं - बिल्कुल घोड़े या गाय के समान, उनका मूल्य 25000 अमरीकी डॉलर है."
"लेकिन जेफ और विन्नी इंसान हैं," टॉमी को कहा.

"हाँ." पिता ने कहा.
"यही कारण से मैं उस गलत कानून का पालन नहीं कर सकता हूँ.
इसलिए मैं उस कानून से नफरत करता हूं.
वो कानून गलत है!"
फिर उन्होंने अपने बेटे को प्यार से गले लगाया और दरवाजा बंद कर दिया.

टॉमी बिस्तर पर लेटा रहा और वो लिटिल जेफ़
और अन्य लोगों के बारे में सोचता रहा.
"अगर वे कनाडा पहुँच जाते हैं," वो फुसफुसाया,
"तब वे मुक्त हो सकते हैं ..."
अपनी खिड़की से वह उज्जवल ध्रुव तारा
देख सकता था.
अब उसे अंधेरी रात के आकाश में,
पानी पीने वाली तुम्बी दिखाई दे रही थी!

लेखक का नोट

यह कहानी सच हो सकती थी.

गृहयुद्ध से पहले के वर्षों में हजारों दास - शायद 75,000 गुलाम, भागकर अपनी स्वतंत्रता पा सके. यात्रा के दौरान वे "अंडरग्राउंड-रेलवे" द्वारा कनाडा की सीमा पार करते थे जहां उन्हें अमरीकी मार्शल गिरफ्तार नहीं कर सकते थे और उन्हें दास बनने के लिए लौटने को मजबूर नहीं कर सकते थे.

भागने वाले कुछ गुलामों ने अपनी आजादी के लिए "द ड्रिंकिंग गॉर्ड" (पानी पीने वाली तुम्बी) वाले गीत का अनुसरण किया.

मैरीलैंड और ओहियो के मुक्त राज्यों में दास प्रथा, कानून के खिलाफ थी. वहां पर रहने वाले कई अमेरिकियों को गुलामी से नफरत थी. उनमें से कुछ ऐसे संगठनों में शामिल हुए जिन्होंने गुलामी को खत्म करने का काम किया. इन लोगों को "अबोलोनिशिस्ट" कहा जाता था.

1850 में "भगोड़ा दास कानून" कांग्रेस द्वारा पारित किया गया. इसके तहत सभी सभ्य नागरिकों को भगोड़े दासों को वापस लौटने में फेडरल मार्शलों की मदद करनी थी. उत्तर में, कई लोगों ने उस काले कानून को मानने से इंकार कर दिया, जैसा कि डीकॉन फुलर ने इस कहानी में किया. फिर 1863 और 1865 के बीच - गृहयुद्ध के बाद आखिरकार गुलामी पूरे देश के हर कोने से खत्म हुई.

समाप्त